## 'अंबे तू है जगदम्बे काली...' की गूंज में डूबा शहर






इंदौर. नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर माँ अम्बे की आराधना में डूबा हुआ है. शाम ढलते ही मंदिरों और आयोजन स्थलों पर गरबों की मधुर थाप शुरू हो जाती है. श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में माँ की भक्ति गीतों पर झूम उठते हैं. हर ओर 'जय माता दी' के जयकारे, ढोल-नगाड़ों की ताल और गरबों की लय मानो दिव्य वातावरण रचते हैं. महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग सभी गरबे की मंडलियों में शामिल होकर माँ दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं.

एक नजर में

### मेधावी छात्रों को लैपटॉप और इनाम वितरित



इंदौर. विधानसभा क्षेत्र 3 के विधायक गोलू शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल करते हुए क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य शुरू किया ह. इसी क्रम में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शा. महाराजा शिवाजी राव उ. मा. वि. में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को लैपटॉप तथा अन्य मेधावी विद्यार्थियों को मेरिट सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान किए गए. मल्हाराश्रम स्कूल के प्रिंसिपल श्री देवेन्द्र रामिश जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. विधायक गोलू शुक्ला ने कहा फ्रशिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की असली कुंजी है. मुख्य अतिथि एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रओ के साथ कई प्रेरणादायी और रोचक प्रसंग साझा किए तथा छात्राओं को लव जिहाद से सतर्क रहने के सुझाव भी दिए. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कवि डॉ राजीव शर्मा ने छात्रों को धर्म अध्यात्म और शिक्षा को बहुत ही रोचक प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक कर्दम और सचिव अभिषेक चेंडके विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेश मिश्रा मुन्ना भैया, दीपेंद्र सिंह सोलंकी, चन्द्रभान सोलंकी, सुरेश टाकलकर, आनंद पुरोहित, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. संचालन दिनेश दवे ने किया. आभार प्रदर्शन नितिन शर्मा ने किया.

### जैन आईजा मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष नियुक्त



इंदौर. ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया, आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी की सहमति से प्रदेश महासचिव अंकित जैन ने हेमंत जैन को आईजा मध्यप्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है. उनकी नियुक्ति पर महावीर श्रीमाल, प्रदीप जैन आदित्य इंदौर, राजेंद्र सकलेचा नलखेड़ा, राजेश नाहर, श्रीमती मीना सिंगी, प्रवीण खारीवाल, अभिषेक बड़जात्या बोहरा, सोना जैन एवं संपूर्ण जैन समाज ने शुभ कामनाओ के साथ बधाई दी है.

### अंतराष्ट्रीय फेडरेशन ऑफ़ हूमड़ जैन समाज की सम्मेद शिखर यात्रा




इंदौर लगभग सवा साल पहले हमारे उर्जावान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन गाँधी एवं महामंत्री महेन्द्रजी बंडी द्वारा एक सपना सजोया गया था कि हूमड़ समाज के सदस्यों को कम खर्च में सुविधांजनक सम्मेद शिखरजी की यात्रा करवाई जावे. 13 से 19 सितम्बर तक 1008 यात्रियों के साथ यात्रा की तारीख निर्धारित की गई. यात्रा 13 सितम्बर को मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र के इंदौर, देवास, उज्जैन, अजमेर, अहमदाबाद, पुणे द्रौण आदि जगह से एक साथ अलग-अलग ट्रेनों से प्रारंभ हुई. हर जगह तीर्थ यात्रियों का समाजजनों द्वारा ढोल-ढमाको, हारफूल से जोश भरा स्वागत किया गया. प्रवीण जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष, महामंत्री, सभी संयोजको, सह-संयोजको, कार्यकर्ताओं, दान-दाताओं, भामाशाहों, रेलवे आरक्षण में सहयोगकर्ताओं, भोजन एवं आवास व्यवस्था के समर्पित कार्यकर्ताओं, प्रचार-प्रसार के सहयोगी, तथा सभी तीर्थ यात्रियों के कड़ी मेहनत एवं सहयोग से यह यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई, यह हमारी भावनाओं का ही चमत्कार है कि 1008 यात्रियों में से किसी को कोई शारीरिक बाधा नहीं आयी और ना ही यात्रा में कोई विघ्न पैदा हुआ. 18 सितम्बर को हमारे कई साथी पर्वत परिक्रमा के लिये गये. राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिनजी गाँधी, महामंत्री महेन्द्र बंडी, पूर्व अध्यक्ष वसंतजी दोशी, कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्रजी चांपावत, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष कौशल्या पतंग्या, शरदजी पानोत, श्रीमती लताजी घीवाला हंसमुखजी गाँधी, राजकुमारजी बंडी, विजयजी तलाटी, श्री अजितजी कोठिया, मधु कोठारी आदि ने सभी यात्रियों को यात्रा सहयोग के लिये बिदा किया एवं प्रत्येक परिवार को स्मृति चिन्ह (रजत सिक्का) भेंट किये. यात्रा के 24 घंटे काफी मनोरंजक एवं हंसी-मजाक के साथ बिते एवं मालूम ही नहीं पड़ा कि हम कब हमारे शहर में आ गये हैं.

### विद्याधाम पर सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ जारी

इंदौर. श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में चल रहे शारदीय नवरात्र महोत्सव में सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में आचार्य पं. राजेश शर्मा एवं अन्य सहयोगी 11 विद्वानों के निर्देशन में आहुतियों का क्रम पांचवें दिन भी जारी रहा। आज ललिता पंचमी के उपलक्ष्य में मां को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित कर उनसे समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सदभाव की प्रार्थना की गई। महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि से समूचा परिसर गुंजायमान बना हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से वेदपाठ, सायं 6 बजे से ललिता सहस्त्र नामावली से सामूहिक लक्ष्यार्चन, सायं साढ़े सात बजे महाआरती और रात नौ बजे ललिता सहस्त्र नामावली से सामूहिक लक्ष्यार्चन आराधना का क्रम जारी है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु इन सभी अनुष्ठानों में उत्साहपूर्व शामिल हो रहे हैं। मंदिर स्थित मां भगवती के सभी स्वरूपों का मनोहारी श्रृंगार भी प्रतिदिन किया जा रहा है। भगवती के मुख्य मंदिर के समक्ष शिव-पार्वती के प्रतीक बनाकर आकर्षक पुष्प रचना की गई है। प्रतिदिन संध्या को 108 दीपों से भगवती की आरती में भी सैकड़ों श्रद्धालु आकर पुण्य लाभ उठा रहे हैं।

# पीएम मोदी ने आपदा को अवसर में बदलने का काम किया : विजयवर्गीय

### विकसित भारत को लेकर भाजपा का प्रबुद्धजन संवाद सम्पन्न



**इंदौर. जाल सभागृह में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन वृतांत, उपलब्धियों एवं विकसित भारत विषय पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रबुद्धजनों से संवाद किया. संवाद के दौरान विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, डॉक्टर्स, इंजीनियर, वक़ील, व्यापारी आदि उपस्थित थे।**

मंत्री विजयवर्गीय ने प्रबुद्धजनों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें देश ने तरक्की नहीं की है. रक्षा के क्षेत्र की बात करे तो आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है. प्रधानमंत्री ने सबसे पहला काम सेना को सशक्त बनाने का किया है.

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के रक्षा सौदे में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. पहले की सरकारों में जनसंख्या को बोझ समझा जाता था, मोदी जी ने जनसंख्या को ताकत बनाने का काम किया है. आज उसी ताकत के बल पर पूरी दुनिया में भारत को सम्मान मिल रहा है. प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत में इंदौर 36000 आवास बने है, यानी 720 करोड़ रुपये सीधे हितग्राहियों के खाते में गया है. वह पैसा यही रोटेशन में है. लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है. उनकी क्रय शक्ति बढ़ी है. जीएसटी स्लेब कम करने से उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ी है. विजयवर्गीय ने कॉंग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वो लोग नासमझ है, जो कहते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है. मोदीजी ने आपदा को अवसर में बदलने का काम किया है. उन्होंने कोरोना में दूसरे देशों को वैक्सीन भेजकर कर भारतीय संस्कृति का परिचय पूरी दुनिया को दिया. अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने पर विजयवर्गीय ने कहा कि पहली बार टैरिफ नहीं लगा है. जब अटलजी प्रधानमंत्री थे, पोखरण में परमाणु परीक्षण हुआ. कई देशों ने प्रतिबंध लगाए, लेकिन अटल जी ने कहा कि भारत की जनता के सामर्थ्य से हम हर चुनौतियों को पार करेंगे. इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, सांसद शंकर लालवानी, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, अंजू माखीजा, हरिनारायण यादव, आदि उपस्थिति थे.

### बड़ी कंपनियां आकर्षित हो रहीं...

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इंदौर और इंदौर के आसपास 50 हजार करोड़ से अधिक के काम चल रहे हैं. इंदौर रोड कनेक्टिवीटी में 50 बड़े शहरों से सीधे कनेक्ट होने जा रहा है. बेहतर रेल और हवाई कनेक्टिवीटी के फलस्वरुप बड़ी-बड़ी कंपनियां इंदौर की और आकर्षित हो रही है. राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कहा कि श्री मोदी ने राजनीति को एक नई दिशा दी है. उन्होंने संघर्षों को अवसर के रूप में बदलकर विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ाया है. मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है. भाजपा नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा इंदौर में स्वच्छता की शुरूआत करने का काम कैलाश विजयवर्गीय ने महापौर रहते किया था. उन्होंने क्लीन सिटी- ग्रीन सिटी अभियान शुरू कर रात्रिकालीन सफाई शुरू की थी. पीएम मोदी के स्वच्छता के साथ साथ पर्यावरण, स्वच्छ वायु जैसे अनेक संकल्प को आत्मसात कर इंदौर विकास की नई इबारत लिख रहा है.

# राहुल, प्रियंका पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## राजबाड़ा पर प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आज राजबाड़ा पर शहर और जिला महिला कांग्रेस ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया. मंत्री विजयवर्गीय ने कल राहुल और प्रियंका गांधी पर भाई बहन संबंधों को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की थी.आज महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनाली मिमरोट एवं रीटा डांगरे के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाएं राजवाड़ा पर इकट्ठा हुई. महिलाओं ने विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया. कांग्रेस ने विजयवर्गीय को चेतावनी दी गई है कि आगे से इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करें अन्यथा उग्र आंदोलन करेंगे. विजयवर्गीय के द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. इसके विरोध स्वरूप राजवाड़ा पर महिला कांग्रेस ने विजयवर्गीय का पुतला जलाया. उक्त विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, राजेश चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया, अमित पटेल , गिरधर नगर, पिंटू जोशी, अमन बजाज, नकुल पाटोदी, गजेंद्र वर्मा, अमित चौरसिया, शशि हाड़ा, संजय बाकलीवाल, इम्तियाज बेलिम सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.



# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में कवि सम्मेलन

**इंदौर. श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के तहत कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, नन्दा नगर में राजभाषा पखवाड़े के दौरान द्वितीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया.**

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक पी. सुदर्सनन ने की. कार्यक्रम में इंदौर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का भी स्वागत व अभिनंदन निदेशक ने किया. कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया. इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के आठ कवियों ने अपनी अपनी काव्य प्रस्तुति दी. इनमें सुनील कुमार, राम रण विजय प्रताप सिंह, प्रियंका मिश्रा, निशिका नागर, हिमांशु वर्मा, नितेश कुशवाह, गौरव गौतम एवं अक्षत व्यास ने अपनी कविताओं, ग़ज़लों, गीतों के माध्यम से श्रोताओं की खूब वाह-वाही लूटी. इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.





### आईआईएसओ फुटबॉल नेशनल गेम्स का आगाज

**इंदौर. चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में आईआईएसओ फुटबॉल नेशनल गेम्स 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ. यह आयोजन खेल भावना, प्रतिभा और अनुशासन का एक अद्भुत संगम है, जिसमें देशभर के 48 प्रमुख इंटरनेशनल स्कूल भाग ले रहे हैं.**

प्रतियोगिता का शुभारंभ चोइथराम ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश मोतियानी ने दीप प्रज्वलित कर एवं खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाकर किया. इस राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में अंडर-14 बालक वर्ग एवं अंडर-17 बालिका वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे. टूर्नामेंट 26 सितम्बर से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर तक चलेगा.

पहले दिन के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे. फरावशी इंटरनेशनल स्कूल नाशिक एवं जेबीसीएन स्कूल मुंबई के बीच का मैच 1-1 गोल से ड्रा रहा. नवरचना इंटरनेशनल स्कूल वडोदरा ने शिव नाडर स्कूल गुरुग्राम को 1-0 से हराया।

विजयी गोल नवरचना के दर्श द्वारा किया गया. वहीं द गाडीयम स्कूल हैदराबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंटर पॉइंट स्कूल नाशिक को 2-0 से मात दी. स्कूल के स्पोर्ट्स फैसिलिटी कोऑर्डिनेटर एवं मैनेजर प्रवीण सिंगला ने बताया कि प्रिंसिपल डॉ. ऋचा चतुर्वेदी ने कहा कि चोइथराम इंटरनेशनल का हमेशा से प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ और अवसर प्रदान किए जाएं.

एक नजर में | 'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' का पांचवां दिन, वीआईपी परस्पर नगर में जगतगुरु आचार्य वसंत

# दुबई-यूएसए व यूके से आए भक्त भी दिनभर रम रहे भक्ति में

**इंदौर.** कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य वसंत विजयानंद गिरि महाराज के सानिध्य में चल रहे 'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' में न केवल इंदौर और आसपास, बल्कि विदेशों में बसे उनके भक्त भी भक्ति लाभ ले रहे हैं. कोई यहां यूएसए से आए हैं, तो कोई दुबई से सीधी उड़ान लेकर यहां पहुंचे हैं और आयोजन के अंतिम दिन तक आचार्यश्री की सेवा में भक्तिभाव से लीन रहेंग.

ये भव्य धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में हो रहा है। शुक्रवार को पांचवें दिन भी सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी, जो देर रात तक जारी रही. सुबह विशेष साधना के बाद महायज्ञ और फिर देवी भागवत कथा और आचार्यश्री के प्रवचन का श्रवण भक्तों ने किया. आचार्य वसंत विजयानंद गिरि महाराज ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन माँ स्कंदमाता की आराधना की जाती है. वे भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता हैं, इसलिए इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है. माँ का स्वरूप करुणा, मातृत्व और भक्ति का प्रतीक है. माना जाता है कि मां स्कंदमाता की पूजा से भक्त को संतान सुख, समृद्धि और भक्ति का वरदान प्राप्त होता है, जो साधक माँ की शरण में आता है, उसका जीवन प्रेम, शांति और सुख से परिपूर्ण हो जाता है और माँ का आशीर्वाद साधक को दिव्य तेज, ज्ञान और मुक्ति की ओर अग्रसर करता है. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद काशी से आए 145 विद्वान पंडितों ने 1 करोड़ कुमकुम अर्चन में से 10 लाख कुमकुम अर्चन की आराधना की. दोपहर 3 से 6 बजे तक विशेष महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई, जिसमें देश-विदेश से आए अनुयायियों के साथ शहर और आसपास के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष शामिल हुए. शुक्रवार को महायज्ञ के दौरान मध्यप्रदेश के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा, खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पंडित सुमित भट्ट भी पहुंचे और आचार्यश्री से आशीर्वाद लिया।



### गुरु की महिमा ले आई हजारों किमी दूर से इंदौर

दुबई से गुरुजी के अनुयायी दीपक जैन भी आए हैं, जो मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं. उन्होंने बताया कि गुरु जी के बारे में बहुत सुना था. मां जब जाने लगी और हम भी गए, तो वहां के मंदिर मात्र दर्शन से ही हमने अपने परिवार में एक बड़ा बदलाव देखा. हमारा छोटा काम बढ़कर 13 देशों में फैला. यूएसए के शिकागो के पास से अशोक संघवी भी यहां पहुंचे हैं. मूल रूप से गुजरात के रहने वाले अशोक संघवी की मुलाकात आचार्यश्री से उनके शिकागो के प्रवास के दौरान हुई थी. संघवी, अमेरिका में जैन विधि से पूजन करवाते हैं. वह मां पद्मावती पूजन के लिए कुछ ढूंढ रहे थे और संयोग से आचार्यश्री के वीडियो मिले और फिर उनसे अमेरिका में मिलने का मौका मिला. अब उनका पूरा परिवार आचार्यश्री की सेवा करता है और वह कई बार कृष्णगिरी भी आ चुके हैं.